web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 01 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 06

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 5जी सेवाओं की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अक्टूबर को 5जी सेवाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले भारतीय मोबाइल कांग्रेस के छठे संस्करण का भी उद्घाटन करेंगे, जिसका विषय न्यू डिजिटल यूनिवर्स है ।

### दिल्ली के अस्पताल में चली गोलियां, एक घायल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया इलाके में होली फैमिली अस्पताल के अंदर बीती रात हुई फायरिंग की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, छात्रों के दो गुट होली फैमिली अस्पताल पहुंचे, जहां उनका आपस में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर एक गुट ने दूसरे पर गोलियां चला दीं, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को बुलाया गया। अस्पताल परिसर के अंदर स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है। अस्पताल में पुलिस की टीमें तैनात कर दी गई हैं। वे अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।

### बुलन्दशहर : ट्रैक्टर, कार और ट्रक की भिड़ंत में 12 घायल

**बुलन्दशहर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में जनपद बुलंदशहर के थाना डिबाई क्षेत्र में बीत देर रात राजमार्ग पर ट्रैक्टर, कार और ट्रक की आमने सामने से हुयी टक्कर में 12 लोग घायल हो गये। बुलंदशहर के जिलाधिकारी सुरेंद्र प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना कल देर रात डिबाई अलीगढ़ रोड पर हुयी। इसमें एक ट्रैक्टर और कार में टक्कर होने पर अलीगढ़ की ओर से आ रहा एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गया। सिंह ने बताया कि इस हादसे में ट्रैक्टर में सवार सभी 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायल डिबाई तहसील क्षेत्र के कसेर कलां गांव के निवासी हैं। इस घटना में घायलों की हालत गंभीर बतायी गयी है। सभी घायलों को हायर सेंटर में उपचार के लिये रेफर कर दिया गया है। इनमें एक बच्चे की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दुर्घटना में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भिजवाकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

### तीसरी बार मोटरस्पोर्ट्स क्लब महासंघ के अध्यक्ष बने इब्राहिम

**चेन्नई (आरएनएस)।** पूर्व रेसर अकबर इब्राहिम तीसरी बार भारतीय मोटरस्पोटर्स क्लब महासंघ (एफएमएससीआई) के अध्यक्ष चुने गये हैं। एफएमएससीआई की वार्षिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। मेको मोटरस्पोर्ट्स का प्रतिनिधित्व करते हुए इब्राहिम दो साल का अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करेंगे। इससे पहले वह 2016-2018 और 2020-2022 में भी महासंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इब्राहिम को एफआईए अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग समिति का अध्यक्ष भी चुना गया था। कर्नाटक मोटर स्पोर्ट्स क्लब के प्रतिनिधि गौतम बी शनटप्पा एफएमएससीआई के उपाध्यक्ष चुने गये। इसके अलावा जे पृथ्वीराज (कोयंबटूर ऑटो स्पोर्ट्स क्लब), भारत विवेक चंडोक (मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब), प्रतिम चौधरी (बंगाल मोटर स्पोर्ट्स क्लब), हरि सिंह (प्रदर्शन कार रेसिंग ट्रस्ट), राज कपूर (उत्तरी मोटरस्पोर्ट्स), जे बालमुरुगन (स्पिटफायर मोटर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड), केतन मेहता (इंडियन ऑटोमोटिव रेसिंग क्लब) और वीर रैना (कलकत्ता मोटर स्पोर्ट्स क्लब) को काउंसिलर नियुक्त किया गया है।

# राज्य में एक नवम्बर से शुरू होगी धान खरीदी

**❒ मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टरों से एक नवम्बर 2022 से शुरू हो रहे धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टरों से धान खरीदी की सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने फसलों की गिरदावरी की शुद्धि पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने गिरदावरी का सत्यापन ग्राम सभा में करवाने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा कि किसी भी हालत में सरकारी जमीन का पंजीयन धान रकबे में नही हो यह सुनिश्चित किया जाए। पंजीकृत किसानों का लिकिंग बैंक खाता का परीक्षण करने एवं ऐसे किसान जिनका नामांतरण, बटवारा इस वर्ष हुआ है, उनके बैंक खातों का विशेष तौर पर परीक्षण कर बैंक खाता लिंक कर लिया जाए। मिलर्स द्वारा उपार्जित फोर्टिफाईड राईस एफसीआई



में जमा करने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने अंतर जिला कस्टम मिलिंग के संबंध में जिस जिले में अधिक संख्या में मिलर्स है वहां पर शीघ्रता से धान मिलिंग के लिए धान का परिवहन करने कहा गया एवं इसकी पहले से कार्ययोजना तैयार करने कहा है।

मुख्य सचिव ने बैठक में सभी जिला कलेक्टरों को धान खरीदी केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाए मानव संसाधन, बिजली, पानी, कैप कव्हर, चबूतरा, टोकन, तौल मशीन, बारदाने आदि की शीघ्र व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। जैन ने खाद्य विभाग के सचिव से कहा है कि धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व सभी जिलों के तैयारियों की समीक्षा के लिए संभाग स्तर पर बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे और सुनियोजित रूप से धान खरीदी की व्यवस्था बनाए।

मुख्य सचिव ने कहा है कि धान की बिक्री के लिए पंजीकृत किसानों की गिरदावरी में धान के रकबे सहित सभी बिन्दुओं पर सही जानकारी अंकित की जाए। उन्होंने पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले कृषकों की जानकारी विशेष रूप से अंकित करने के निर्देश दिए है। इसी तरह से धान उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन, बैंक खातों का मिलान, समिति स्तर पर आवश्यक तैयारी, परिवहनकर्ता से अनुबंध की स्थिति, कस्टम मिलिंग, संवेदनशील खरीदी केन्द्रों एवं स्टॉफ की पहचान, अंतर जिला कस्टम मिलिंग एवं धान संग्रहण के समन्वय के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

मुख्य सचिव ने समिति स्तर पर धान खरीदी कार्य में लगने वाले सभी कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी यथासमय करवाने के निर्देश दिए है। धान खरीदी प्रारंभ होने के पश्चात सप्ताह के अंत में खरीदी गए धान की मात्रा और बारदानों का भौतिक सत्यापन करने कहा गया है। जिला स्तर पर धान खरीदी से जुड़ी सभी जानकारियों के साथ कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश दिए है और कहा है कि कंट्रोल रूम सतत् रूप से कार्यशील होने चाहिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में सभी संभागायुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, राजस्व सचिव एन.एन. एक्का, प्रबंध संचालक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम निरंजन दास, विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता, विशेष सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मनोज सोनी, प्रबंध संचालक मार्कफेड समीर विश्नोई सहित अपेक्स बैंक के अधिकारी शामिल हुए।

# काबुल के शिक्षण संस्थान में बम धमाका, कई स्कूली छात्रों समेत 24 की मौत

**काबुल ।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक शिया बहुल इलाके में शुक्रवार तडक़े विस्फोट हुआ। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस हमले में 24 लोगों की मौत हुई है जिसमें ज्यादातर स्कूली छात्र थे। इसके अलावा 40 लोग घायल बताए जा रहे हैं। दशती बारची इलाके में एक शिक्षा संस्थान के अंदर विस्फोट हुआ। विस्फोट की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

धमाका बहुत ही जोरदार था। मस्जिद के आसपास के घरों के शीशे भी धमाके की वजह से टूट गए। तालिबान के खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। मरने वालों में मस्जिद के इमाम भी शामिल हैं।

काबुल के इमरजेंसी अस्पताल की तरफ से बताया गया कि 27 लोग घायल हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है। इसमें एक सात साल का बच्चा भी है। घटना के तुरंत बाद मौके पर सुरक्षाकर्मी और ऐंबुलेंस पहुंच गई। बता दें कि यह हमला तब हुआ है जब तालिबान अपना विजय सप्ताह बना रहा है। 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था।

पिछले सप्ताह एक मदरसे में मौलवी की भी हत्या कर दी गई थी। वह मौलवी आईएस को लेकर काफी आक्रामक भाषण दिया करता था। गुरुवार को मदरसे में आत्मघाती हमले में वह मारा गया। जिहादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

# एनआईए, केरल पुलिस ने पीएफआई के कार्यालयों को किया सील

**तिरुवनन्तपुरम (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) केरल पुलिस के साथ शुक्रवार को सीलिंग प्रक्रिया के लिए पीएफआई के कोझीकोड कार्यालय पहुंची। यह कदम गृह मंत्री द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और उसके सहयोगियों पर अगले पांच वर्षो के लिए प्रतिबंध लगाने के कुछ दिनों बाद आया है।

प्रदेश पार्टी कार्यालय के अलावा अन्य जिलों में भी इसी तरह की कार्रवाई हुई।

राज्य के राजस्व अधिकारियों ने कार्यालयों को सील किया, जबकि एनआईए और पुलिस ने इसकी निगरानी की। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ कई बैठकें की, जिसके बाद शुक्रवार सुबह कार्रवाई अभियान शुरू हो गया। केरल के लगभग सभी शीर्ष पीएफआई नेता अब यहां सलाखों के पीछे हैं, जबकि कुछ अन्य को पिछले सप्ताह गुरुवार तडक़े




हिरासत में लिया गया। गुरुवार को केरल हाई कोर्ट ने भी प्रदर्शन कर रहे पीएफआई कार्यकर्ताओं पर जमकर निशाना साधा, जिन्होंने पिछले शुक्रवार को राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया था और उन्हें 5.20 करोड़ रुपये की राशि जमा करने के लिए कहा था। सरकार ने अदालत को सूचित किया कि राज्य में 487 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 1992 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 687 को एहतियातन हिरासत में लिया गया।

# आठवीं कक्षा की छात्रा से आठ आरोपियों ने दुष्कर्म कर बनाया वीडियो

**अलवर (आरएनएस)।** राजस्थान में अलवर जिले के किशनगढ़बास थाना क्षेत्र में आठवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर नौ माह तक रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोपी आठ युवकों ने उसकी अश्लील फोटो होने का झांसा देकर बुलाया और फिर जबरन कपड़े उतरवा वीडियो बना लिया। इसके वायरल करने की धमकी दे गैंगरेप किया। उससे रुपए ऐंठने लगे। पीड़िता से आरोपियों ने करीब 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। जिसके बाद पीड़िता और रुपयों का इंतजाम नहीं कर पाई तो ये वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। जो उसके घरवालों तक पहुंच गया।



मामले का खुलासा होने पर पीड़िता के भाई ने आठ युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार करीब 16 वर्षीय पीड़िता के भाई ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन के पास 31 दिसंबर 2021 को साहिल ने फोन कर गोठड़ा के पास बुलाया और कहा कि हमारे पास तेरी फोटो है नहीं आई तो तेरा फोटो वायरल कर देंगे। पीड़िता वहां पहुंची तो वहां मौजूद आठ लडक़ों ने उसके जबरन कपड़े उतार वीडियो बना ली। इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर इन सभी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वह करीब एक घंटे तक वहीं बेसुध पड़ी रही। होश आने पर वह घर लौटी। इसके बाद आरोपी उससे रुपए ऐंठने लगे। गत अगस्त माह तक इन लोगों ने पीड़िता से करीब 50 हजार रुपए ले लिए तथा दो तीन बार दुष्कर्म किया।

कुछ दिन पहले उससे आरोपियों ने ढाई लाख रुपए की मांग की। पीड़िता ने कहा कि इतने पैसे उसके पास नहीं है और आरोपियों से पीड़िता ने बख्श देने की भी गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों ने रुपए नहीं देने पर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जो वायरल हो गया। यह वीडियो परिजनों तक पहुंचा तो उन्होंने पीड़िता से पूछताछ की। तब पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई।

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अरबाज निवासी नगला डूंगर, जावेद निवासी बाजोट, मुस्तकीम निवासी इस्माइलपुर तालीम निवासी इस्माइलपुर, सलमान उर्फ छोटेलाल निवासी इस्माइलपुर, अकरम बाजोट इस्माइलपुर, अकरम निवासी इस्माइलपुर, साहिल इस्माइलपुर के खिलाफ दुष्कर्म पोक्सो और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# 5 माफियाओं की 1 अरब 16 करोड़ 69 लाख की संपति की गई जब्त

**गोरखपुर (आरएनएस)।** गोरखपुर जोन के जनपदो में बड़े माफियाओं की समीक्षा के दौरान प्रदेश स्तर पर 7 माफियाओं का चिन्हीकरण किया गया जिसमें गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार के निर्देशन में सभी आरोपियों के खिलाफ अवैध रूप से अर्जित संपतियो का मूल्यांकन कराते हुए गई गई गैंगस्टर की धारा 14 (1) के तहत संपति जब्तिकरण की कार्यवाही कराई गई। इसमें शेष दो आरोपियों के खिलाफ जब्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित है। मिली जानकारी के अनुसार माफियाओं में संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी पुत्र स्व. रामार्थ द्विवेदी निवासी नसहियां थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर व राजन तिवारी उर्फ शिवम पुत्र राम अशीष तिवारी सा. ताडा थाना बड़हलगंज



जनपद, गोरखपुर व राकेश यादव पुत्र पारसनाथ यादव सा. झुंगिया बजार थाना गुलरिहा गोरखपुर की 74 लाख 95 हजार रुपए, व विनोद उपाध्याय पुत्र रामकुमार उपाध्याय सा. रेल विहार कालोनी थाना शाहपुर गोरखपुर की 74 लाख 71 हजार रुपए की संपति,

व सुधीर सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी कालेसर थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर, हा.मुकाम पता आदर्श नगर बशारत पुर थाना शाहपुर गोरखपुर की 10 करोड़ 80 लाख रुपए तथा पूर्व सांसद रिजवान जहीर पुत्र जहीरूल हक नि. शीतलापुर कस्वा व थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर की 34 करोड़, देवेन्द्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र रामफल सिंह सा. मोहनापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच की 1अरब 16 करोड़ 69 लाख की संपति कुर्क कर कार्यवाही की गई है। कुल एक अरब 66 करोड़,9 लाख 66 हजार रुपए की संपति कुर्क की गई है। इतना ही नहीं इन सभी आरोपियों की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं जो इनकी सारी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इनकी देखभाल के लिए श्रेयश त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी नगर, डा. गौरव ग्रोवर एसएसपी गोरखपुर, मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक उत्तरी, किशन कुमार पुलिस अधीक्ष्ज्ञक नगर , किशन कुमार पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती नमिता श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक तथा विनय कुमार विद क्षेत्राधिकारी सिटी को जिम्मेदारी दी गई है। इन माफियाओं में रामू दिवेदी और बिनोद उपाध्याय की जब्तीकरण की कार्यवाही अभी प्रचलित है।

# ज्वेलरी शोरूम से 7 करोड़ की चोरी कर चंपत हुआ मैनेजर

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के नील गली स्थित हल्दर ज्वैलर्स के शोरूम में मैनेजर ने करीब सात करोड़ की चोरी हो गई। आरोप है कि शोरूम का मैनेजर 10-12 किलो सोना, 20 लाख कैश और करोड़ों के डायमंड लेकर अपने साथी के साथ फरार हो गया। गुरुवार सुबह घटना का पता लगा तो बाजार में हडक़ंप मच गया। खुलासा हुआ कि बाजार के दर्जनभर लोगों ने मैनेजर के पास सोना रखा हुआ था। देहली गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी पर शोरूम मालिक ने अपनी ओर से दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

सर्राफा बाजार नील गली में शफीकुल रहमान का हल्दर नाम से ज्वैलरी शोरूम है। शोरूम पर पश्चिम बंगाल निवासी युवक चिरंजीत करीब डेढ़ साल से काम करता था। शोरूम मालिक को उस पर काफी विश्वास था, इसलिए शोरूम की चाबी उसी को दी हुई थी। बुधवार रात चिरंजीत अपने साथी देवाशीष के साथ शोरूम पर पहुंचा और ताला खोलकर वहां से करीब 10-12 किलो सोना, गल्ले में रखा 20 लाख कैश और करोड़ों के डायमंड लेकर फरार हो गया।

गुरुवार सुबह जब चिरंजीत शोरूम पर नहीं आया तो घटना का खुलासा हुआ। इसके बाद बाजार में हडक़ंप मच गया। खुलासा हुआ कि बाजार से भी दर्जनभर लोगों ने चिरंजीत को शोरूम पर रखने के लिए सोना दिया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। चिरंजीत और देवाशीष के खिलाफ देहली गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शोरूम मालिक ने चिरंजीत की धरपकड़ के लिए दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी घोषित किया है। फिलहाल आरोपी की तलाश में सर्विलांस टीम और थाना पुलिस को लगाया गया है।

# प्रयागराज से शुरू होगी राष्ट्रव्यापी स्वच्छ भारत 2.0 की शुरुआत : अनुराग ठाकुर

**प्रयागराज (आरएनएस)।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक अक्टूबर को अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स (म्योहॉल) के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट में घोषणा की है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का युवा कार्यक्रम विभाग 01 अक्टूबर से एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्वच्छ भारत 2.0 अभियान का शुभारम्भ प्रयागराज से करेगा।

जिला सूचना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एक वीडियो संदेश में अनुराग ठाकुर ने कहा है कि अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री ने पांच प्रणों का जिक्र किया था। उनमें से एक था विकसित भारत का लक्ष्य, जिसमें साफ-सफाई बहुत अहम भूमिका निभाती है। इसलिए स्वच्छ भारत 2.0 हमारी प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से इंडिया स्पोर्ट्स ने गत वर्ष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक महीने में 75 लाख किलो का लक्ष्य रख 114 लाख किलो कूड़े का निपटान किया था। ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के अनुसार नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) से जुड़े युवा मंडलों और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी संस्थाओं के नेटवर्क के जरिए देश भर के 744 जिलों के 6 लाख गांवों में स्वच्छ भारत 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

ठाकुर ने बताया कि भारत को स्वच्छ बनाने को लेकर जागरूकता बढ़ाने, लोगों को संगठित करने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अक्टूबर को प्रयागराज से स्वच्छ भारत 2.0 की शुरुआत की जाएगी। इस पहल में विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ काम करेंगे और इन लोगों द्वारा पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर सफाई की जाएगी।

# एयर इंडिया ने की यूके, यूएस के लिए 20 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अपने अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को बढ़ाने के उद्देश्य से, एयर इंडिया ने शुक्रवार को ब्रिटेन में बर्मिंघम और लंदन और अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के लिए हर हफ्ते 20 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की।

यह अंतरराष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर एक लीडर के रूप में अपनी स्थिति को पुन: प्राप्त करने के लिए झंडा गाडऩे के चल रहे प्रयास का हिस्सा है।

अतिरिक्त उड़ानें अक्टूबर से दिसंबर तक चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी।

बर्मिंघम के लिए सप्ताह में पांच, लंदन के लिए नौ और सैन फ्रांसिस्को के लिए छह अतिरिक्त उड़ानों के



साथ, एयर इंडिया ग्राहकों को हर हफ्ते 5,000 से अधिक अतिरिक्त सीटों की पेशकश करने में सक्षम होगी और कनेक्टिविटी, सुविधा और केबिन स्थान के मामले में पर्याप्त विकल्प सुनिश्चित करेगी।

एयर इंडिया की ब्रिटेन के लिए हर हफ्ते 34 उड़ानों की मौजूदा समय-सारणी अब बढक़र 48 उड़ानों की हो जाएगी।

बर्मिंघम को प्रति सप्ताह अतिरिक्त पांच उड़ानें (तीन दिल्ली से और दो अतिरिक्त अमृतसर से) मिलेंगी।

लंदन को नौ अतिरिक्त साप्ताहिक उड़ानें मिलेंगी, जिनमें से पांच मुंबई से, तीन दिल्ली से और एक अहमदाबाद से हैं।

कुल मिलाकर, सात भारतीय शहरों में अब यूके की राजधानी के लिए एयर इंडिया की नॉन-स्टॉप उड़ानें होंगी।

भारत से अमेरिका के लिए उड़ानें प्रति सप्ताह 34 से बढक़र 40 हो जाएंगी। एयर इंडिया अब तीन बार साप्ताहिक सेवा के साथ मुंबई को सैन फ्रांसिस्को से जोड़ेगी और तीन बार साप्ताहिक बेंगलुरू संचालन बहाल करेगी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु से नॉन-स्टॉप सेवा के साथ, एयर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को पेशकश को साप्ताहिक 10 से 16 तक ले जाएगी।

विकास पर टिप्पणी करते हुए, एयर इंडिया के सीईओ और एमडी, कैंपबेल विल्सन ने कहा, जैसा कि एयर इंडिया ने विहान डॉट एआई परिवर्तन कार्यक्रम के तहत खुद को फिर से स्थापित किया है, प्रमुख भारतीय शहरों से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए आवृत्ति जोडऩे और कनेक्टिविटी में सुधार एक महत्वपूर्ण फोकस है।

नए विमानों को पट्टे पर देने के अलावा, एयर इंडिया मौजूदा नैरो-बॉडी और वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट को ऑपरेटिंग बेड़े में बहाल करने के लिए काम कर रही है।

ऊपर वर्णित विस्तार से पहले, एयरलाइन ने पहले से ही दिल्ली और वैंकूवर के बीच आवृत्ति वृद्धि के साथ-साथ कई घरेलू सेवाओं को जोडऩे में सक्षम बनाया है।